Title : Need to set up AIIMS and Trauma Center in Sasaram, Bihar

श्री मनोज कुमार (सासाराम): माननीय सभापति जी, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं सासाराम, बिहार क्षेत्र से चुनकर आया हूं, वहां की जनता मेरे लिए भगवान है।

माननीय सभापति जी, आपको मालूम होगा कि सासाराम पार्लियामेंट की सुरक्षित सीट है, यहां एससीज़ और एसटीज़ की संख्या बहुत तादाद में है। जब मेरे पिताजी पांच साल के थे, तब मैंने अपने दादा-दादी को खोया था। मेरी एक बहन थी, उसे भी मैंने खोया है। मेरा सवाल स्वास्थ्य समस्या को लेकर है। यहां कैमूर पहाड़ी है और यह पहाड़ी हिमालय से भी पुरानी है। पहाड़ पर एससी और एसटी समाज के लोग रहते हैं। आज भी दवा के अभाव में हर साल हजारों लोग दम तोड़ते हैं। मेरा आपके माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री जी से अनुरोध है कि यहां बेस्ट ट्रामा सैंटर और एम्स की स्थापना हो जाए तो हजारों लोगों को हर साल बचाया जा सकता है। सवाल इस प्रकार से है कि यदि छोटी सी बीमारी हो जाए तो लोगों को बनारस या पटना जाना पड़ता है। आज भी 80 प्रतिशत ऐसे गरीब लोग हैं, जो पैसे के अभाव में न ही पटना जा पाते हैं और न ही बनारस जा पाते हैं। वे इस कारण रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं।

मेरा एक और अनुरोध है कि यदि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिल जाए तो हमारा उत्थान हो सकता है ।